लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण को लेकर हुई समन्वयक बैठक



(आंचलिक स्वर)

बलिया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार झा के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 17 अक्टूबर को ए0डी0आर0 भवन दीवानी न्यायालय में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पास्को एक्ट तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों की सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने की।

बैठक में पीड़ित बालकों को विधिक सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुनर्वास एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। साथ ही पीड़ित बालकों एवं उनके परिवारों को न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में सहयोग प्रदान करने, उनकी गोपनीयता एवं गरिमा बनाए रखने तथा उनके सर्वोत्तम हितों को प्राथमिकता देने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में सहायक व्यक्तियों की सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, पीड़ित बालकों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जोर दिया गया।

बैठक में उपस्थित 01 नवम्बर को आयोजित होने वाले मेगा /वृहद विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के सम्बन्ध में चर्चा हुई।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षण ओम प्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार सिंह, पी0ओ0 विनोद सिंह, सी0डब्लू0सी0 अजहर अली, आर0आई0 एस0एन0 सिंह एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मंजू सिंह, स्पोर्ट पर्सन एडवोकेट उमाशंकर तिवारी, भरत पाण्डेय, सत्यप्रकाश यादव उपस्थित रहें।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान : चलाया सफाई अभियान



(आंचलिक स्वर)

बलिया । जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार शुक्ल के संरक्षण में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर , समाजशास्त्र विभाग एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। इस सफाई अभियान के अंतर्गत परिसर के रास्तों पर झाड़ू लगाना, प्लास्टिक मुक्त परिसर को सुनिश्चित करना, पौधों एवं क्यारियों इत्यादि की सफाई एवं देखभाल इत्यादि सम्मलित रहा। सफाई अभियान के दौरान नशा मुक्त युवा, नशामुक्त समाज एवं विकसित भारत के नारे लगाये । कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ विवेक कुमार यादव, डॉ अभिषेक त्रिपाठी , डॉ स्मिता एवं विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

एटीएम में फंसा कार्ड, खाते से उड़े 1.5 लाख

केबिन में लिखा हेल्पलाइन नम्बर नहीं आया काम

(आंचलिक स्वर)

बलिया। एटीएम मशीन में फंसे एटीएम को अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकालकर धोखाधड़ी कर एक लाख पचास हजार रूपये निकाल लिया गया। पड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

क्षेत्र के राजपूत नेवरी भृगुआश्रम निवासी सुशील कुमार आयुक्त कार्यालय आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ में कार्यरत है। वह 11 अक्टूबर को सुबह लगभग 8 बजे भृगुआश्रम श्रीचित्रगुप्त मंदिर रोड पर स्थित एस0बी0आई0 के ए0टी0एम0 पैसा निकालने गया। एटीएम में कार्ड लगाकर तथा पिन नम्बर डालकर पांच हजार रूपये की निकासी कर रहा था कि ए0टी0एम0 कार्ड मशीन में फस गया और रूपय भी नही निकला। ए0टी0एम0 मशीन पर एक दफ्ती टंगी हुई थी जिसपर मोबाइल जिसपर एक मोबाइल नम्बर लिखा था। सुशील कुमार ने उस नम्बर पर फोन करके अपनी परेशानी बतायी तो उसे बताया गया कि सम्बन्धित इंजीनियर रेलवे स्टेशन बलिया पर स्थित एटीएम बना रहा है आप वहाँ पहुँचकर उससे मिल लीजिए और सारी बात बता दीजिए। सुशील जब रेलवे स्टेशन पर स्थित बताए गये एटीएम पर पहुंचा तो वहां कोई नही था। उसनें पुनः उसी मो0न0 पर बात किया तो उसे कहा गया आप तुरन्त उक्त एटीएम पर जाकर अपना एटीएम कार्ड लेने का प्रयास करे। जब वह पहले वाले एटीएम पर पहुंचा तो एटीएम मशीन से कार्ड गायब था। 11 से 12 अक्टूबर के बीच एक लाख पचास हजार रूपये किसी के द्वारा निकाल लिया गया है। सुशील कुमार ने लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66डी के तहत अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

कटान से बचाव को ग्रामीण हुए लामबन्द, 28 को घेरेंगे तहसील

(आंचलिक स्वर)

बांसडीह (बलिया)। सरयू नदी की कटान से प्रभावित गावों के ग्रामीणों ने अपने घर, जमीन और भविष्य को बचाने की मांग को लेकर 28 अक्टूबर को बांसडीह तहसील का घेराव करने का ऐलान किया हैं। अस्तित्व बचाओ आंदोलन की सुल्तानपुर में रविवार को हुई बैठक में ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को रखने का निर्णय किया।

जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर की बैठक में सरयू की कटान से प्रभावित क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि कटान का संकट उनके जीवन और आशियाने के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। ऐसे में प्रभावित परिवारों को राहत देने के साथ कटान रोकने के लिए ठोस और स्थायी उपाय किए जाने जरूरी हैं।



ग्रामीणों ने सरयू की कटान रोकने के लिए स्थायी ठोकरों का निर्माण, कटान पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित पुनर्वास तथा पर्वतपुर–जयनगर रेगुलेटर के स्थान पर आधुनिक रेगुलेटर का निर्माण कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों का जोर है कि समस्या का समाधान अस्थायी उपायों के बजाय ऐसी स्थायी व्यवस्था से किया जाए, जिससे क्षेत्र को कटान के खतरे से राहत मिल सके। आंदोलन को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में निर्भय नारायण सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, संजय परिहार, भरत सिंह , शिवजी सिंह, विजय यादव, सुनील ठाकुर, शाश्वत सिंह आदि थे।

92 हजार की लूट, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

(आंचलिक स्वर)

बलिया। बाजार से पैसों की वसूली करके अपने घर परानपुर (शिवपुर दियर सोमाली) जा रहे एक व्यक्ति से मारपीट करके 95 हजार रूपये छीन लेने के मामले मेंकोतवाली पुलिस ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के आदेश पर पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया है। घटना 14 जुलाई को बताया गया है।

रानपुर (शिवपुर दियर सोमाली) अनिल यादव ने धारा 173 (4) भानासु0सं0 2023 मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के यहा वाद दाखिल किया। उसने कोर्ट को बताया कि 14.07.2026 समय करीब 07 बजे से लाल बाबू यादव के साथ अपने घर बानबे हजार रुपए बाजार से वसूली करके जा रहा था। ज्योंही परानपुर स्कूल के पास पहुँचा तो वहां पर पहले से मौजूद मनोज पाण्डेय, मृन्ना यादव, रवि कुमार यादव, रामजनम यादव व धर्मेन्द्र यादव ने मेरी गाडी रोक ली। मेरे साथ गाली–गलौज करने लगे, मना करने पर सभी ने लात–मुक्का व जूता–चप्पल से मारे पीटे तथा जबरदस्ती मेरे जीन्स के पैकेट से बानबे हजार रूपए छीन लिये। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस पांचो पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को

(आंचलिक स्वर)

बलिया। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत मतदेय स्थलों का सम्भाजन एवं पुनर्स्थापन दो नवंबर तक पूरा किया जाएगा। वहीं, निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को निर्धारित है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसे सभी अर्ह नागरिक, जिनकी आयु एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो रही है और जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र नागरिक 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक निर्धारित प्रारूप में दावे एवं आपत्तियां अपने संबंधित बूथ के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में आवेदन कर पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

जि ला निर्वाचन अधिकारी ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने नाम के पंजीकरण से संबंधित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचक नामावली में पात्र मतदाताओं का नाम शामिल किया जा सके।

नवम्बर के प्रथम सप्ताह में 150 कुंतल आलू के बीज का आवंटन

(आंचलिक स्वर)

मऊ। जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह द्वारा बताया गया कि उद्यान निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आलू उत्पादक कृषकों की समृद्धि एवं आय में वृद्धि के उद्देश्य से मऊ के लिए 150 कुंतल गुणवत्तायुक्त आलू बीज का आवंटन किया गया है। आलू बीज नवंबर 2026 के प्रथम सप्ताह तक प्राप्त होने की संभावना है।

शासन एवं विभाग द्वारा आलू बीज की विभिन्न श्रेणियों के लिए दरें निर्धारित की गई हैं। इसके अंतर्गत आधारित प्रथम सीड साइज की दर 3,650 रुपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय की दर 3,430 रुपये प्रति कुंतल तथा ओवर साइज आधारित प्रथम की दर 3,040 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित की गई है।

आलू बीज का वितरण विभागीय पर पंजीकृत कृषकों को प्रथम आवक, प्रथम पावक (पहले आओ, पहले पाओ) के आधार पर उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा। बीज क्रय करते समय निर्धारित मूल्य नकद जमा करना होगा।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराते हुए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, फोटो एवं मोबाइल नंबर सहित समस्त आवश्यक अभिलेख विकास भवन स्थित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, मऊ में उपलब्ध करा दें, ताकि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किसानों का चयन कर उन्हें समय से आलू बीज उपलब्ध कराया जा सके।

मिशन शक्ति: जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



(आंचलिक स्वर)

बलिया। पुलिस अधीक्षक बलिया डॉ0 ईरज राजा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज–6.0 के तहत रविवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मिशन शक्ति टीम व थाना एण्टी बलिया के द्वारा बाल विवाह पर पारिवारिक विवादों के निस्तारण एवं रोकथाम हेतु पहल क्लॉक गड़वार में आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी एण्टी थाना बलिया व महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी उ0नि0 सुश्री वीनेश, आरक्षी कृष्णमोहन एवं थाना गडवार मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष थाना एण्टी मय टीम व अंजली सिंह महिला समाज कल्याण विभाग, संजय सिंह एडवोकेट दीवानी न्यायालय आदि मौजूद रहे ।

नवरात्र एवं विजयदशमी शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं -डीएम

(आंचलिक स्वर)

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के समस्त नागरिकों को नवरात्रि और विजयदशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इन पावन त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव न करें और सामाजिक सदभाव बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि और विजयदशमी का पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, समानता और एकता का संदेश देता है। समाज के सभी वर्गों के लोगों को मिल–जुलकर इन त्योहारों को मनाना चाहिए, ताकि जनपद में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि बलिया जनपद के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को सभी के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से दूर किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि जनपदवासी एकजुट होकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और विकास में अपनी सहभागिता निभाएं। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी सदभाव और उल्लास के साथ मनाएं तथा उत्तर प्रदेश और बलिया जनपद की उन्नति एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी के सामूहिक प्रयासों से बलिया जनपद विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से शांति, एकता, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने तथा मिल–जुलकर त्योहार मनाने का आह्वान किया।

बच्चें के विवाद में कोर्ट के आदेश पर आधा दर्जन पर केस

(आंचलिक स्वर)

बलिया। बच्चें के क्रिकेट के बाल ने ऐसा बवाल मचाया कि मामला मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की कोर्ट पहुच गया। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन लागों पर प्राथमिकी दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के बेदुआ नई बस्ती निवासिनी मिथिलेश वर्मा ने धारा–173 (4) बीएनएसएस के तहत मु न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 5 अप्रैल को समय करीब 5 बजे शाम को मेरा पौत्र अतुल कुमार वर्मा मोहल्ले में क्रिकेट खेल रहा था। गेंद कुसुम गुप्ता पत्नी संजय कुमार गुप्ता ने छीन लिया मगने या था उसे मारपीट कर मगा दी जिससे वह रोने लगा। कुसुम गुप्ता पूछी तो वह गालियों देने जिसके बाद आस पास के लोगो ने बीच–बचाव किया उसी बात को लेकर दूसरे दिन 6 अप्रैल को कुसुम गुप्ता,, संजय कुमार गुप्ता, विक्की गुप्ता, शालू गुप्ता नेताजी प्रजापति, सुशीला देवी, एक राय व एक मेरे दरवाजे पर चढ आये और गालियों देने लगे। जब इसका विरोध किया मारने पीटने लगे।

कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सभी 6 लोगों पर प्राथमिकी प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

उधार की मिठाई नही देने पर मारपीट, व्यापारी सर फोड़ा

(आंचलिक स्वर)

दुबहर (बलिया)। एक मिष्ठान की दुकान पर उधार नही दिये जाने पर दो लोगों द्वारा मिष्ठान विक्रेता की पिटाई कर दी। व्यापारी के प्रार्थना पत्र पर दुबहर पुलिस ने दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।


जनाढी तिराहा पर स्थित एक मिष्ठान के दुकानदार ने दुबहर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 16 अक्टूबर को मुष्ठान की दुकान पर राजकुमार पाण्डेय, सूरज पाण्डेय ने उधार नही देने पर गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट किये जिसमें मेर सर फोड़ दिये। प्रार्थना पत्र के आधार पर दुबहर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

लघु फिल्म के माध्यम से किया जागरूक

(आंचलिक स्वर)

मऊ। मिशन शक्ति फेज–6.0 के अंतर्गत रविवार को ग्राम पंचायत उमापुर में बाल विवाह के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एण्टी थाना प्रभारी अजीत चौधरी एवं जिला मिशन समन्वयक, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन श्रीमती अर्चना राय की अध्यक्षता तथा अपराजिता सामाजिक समिति के प्रिंस कुमार के समन्वय से बाल विवाह की रोकथाम एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह से संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बच्चों के भविष्य, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।



बलिया से प्रकाशित एक मात्र मान्यता प्राप्त समाचार पत्र
दैनिक आंचलिक स्वर
सभी प्रकार के टेण्डर, विद्यालय चुनाव सम्बन्धी सूचना, नाम परिवर्तन, भूल सुधार, कोर्ट नोटिस व अन्य सभी प्रकार के विज्ञापन/ सूचना प्रकाशित करने हेतु एक मात्र मान्यता प्राप्त दैनिक समाचार पत्र
सम्पर्क: 9451192011
अपना प्रेस, स्टेशन मालगोदाम रोड, बलिया

आंचलिक स्वर
सांध्य हिन्दी दैनिक
स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक प्रदीप कुमार शुक्ल द्वारा अपना प्रेस स्टेशन मालगोदाम रोड, बलिया से मुद्रित तथा प्रकाशित।
सम्पादक
प्रदीप कुमार शुक्ल
मो0: 9451192011
RNI. 71607/99
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बलिया न्यायालय होगा ।